दिन– मंगलवार दिनांक– 14/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

प्रदेश में नई सरकार के गठन को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब से थोड़ी देर बाद अपना इस्तीफा राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन को सौंपेंगे। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री ने अपने इस्तीफे की औपचारिक जानकारी सहयोगियों को दी। बैठक के बाद कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि नई सरकार को उनका मार्गदर्शन मिलता रहेगा। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि आज दोपहर बाद भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। बैठक में विधायक दल के नेता का चयन होगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में बैठक में शामिल होंगे। इधर, जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा विधायक दल की भी अलग–अलग बैठकें होंगी। बाद में एनडीए विधायक दल की बैठक होगी। बैठक के बाद सर्वसम्मति से बिहार के नये मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा की जाएगी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं के नीति–निर्माण और निर्णय लेने में सक्रिय भागीदारी से वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत की यात्रा का दृष्टिकोण और मजबूत होगा। भारत की नारी शक्ति को लिखे पत्र में श्री मोदी ने कहा कि सोलह अप्रैल को संसद, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए दोबारा सत्र शुरू करेगी। प्रधानमंत्री ने सदन में इस विधेयक के पारित होने की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देशभर की महिलाएं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का एक अनूठा अवसर मिलने पर खुशी व्यक्त कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि दो हजार उनतीस के लोकसभा चुनाव और विभिन्न विधानसभा चुनाव, महिलाओं के लिए पूर्ण रूप से लागू होते हैं, तो देश का लोकतंत्र और अधिक मजबूत और जीवंत होगा। उन्होंने दशकों से लंबित इस व्यवस्था को लागू करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

———————————————————————

देश आज भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डॉ. बी. आर. आम्बेडकर की एक सौ छत्तीसवीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजधानी पटना में पटना उच्च न्यायालय के पास स्थित डॉक्टर आम्बेडकर की प्रतिमा के पास राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने बाबा साहेब को श्रद्धाजंलि अर्पित की। इधर, आकाशवाणी पटना में आयोजित कार्यक्रम में केंद्राध्यक्ष एच. डी. सिडाम और उपनिदेशक–समाचार अजय कुमार समेत अधिकारियों और कर्मचारियों ने डॉ. आम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। आम्बेडकर जयंती पर विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यालयों और स्वयंसेवी संस्थाओं में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आज पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन के पास लालू नगर में भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मंत्री रामकृपाल यादव और दीघा विधायक संजीव कुमार चौरसिया भी उपस्थित थे। श्री मांझी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने युवाओं से बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

प्रदेश में लोक पर्व सतुआनी आज पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सामूहिक रूप से मकई, चना और जौ का सत्तू, आचार, प्याज, चटनी और टिकोला के साथ खाने की परंपरा है। इस अवसर पर लोग सुबह से प्रमुख नदियों और सरोवरों में स्नान–दान कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने सतुआनी पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।